लोक सभा अध्यक्ष ने दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली 23 अक्टूबर 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"खुशियों के महापर्व दीपावली पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हमें निरंतर परिश्रम की सीख देता है। मर्यादा, अनुशासन और सबके लिए सम्मान बनाए रखने की सीख देता है। आइए इस त्योहार पर हम भगवान राम के गुणों और मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। हम अपने साथ ही अपने समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए काम करें।

हम अपने घर-परिवार में तो दीपावली मनाए ही, इसी के साथ हमारे गाँव में, शहर में, समाज में; जो वंचित लोग हैं, इस त्योहार को मनाने में उनका सहयोग करें। हम खुशियां मनाने के साथ खुशहाली बाँटने का काम करें। ज़रूरतमन्द लोगों को फल, मिठाई और कपड़े देकर सबको दीपावली मनाने का मौका दें।

इसी संदेश के साथ दीपावली के शुभ अवसर पर मैं देश की सीमाओं पर तैनात हमारे वीर सैनिकों को, हमारे किसान भाइयों को, हमारे श्रमिक भाइयों को तथा पूरे देश की जनता को पुनः ढेर सारी शुभकामनाएँ देता हूँ। हमारा देश निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ता रहे। व्यापारी बंधुओं के कारोबार में बढ़ोतरी हो । हमारे किसान सम्पन्न हो, नौजवान सशक्त हो, भारत आर्थिक और सामाजिक रूप से और अधिक समृद्ध हो। देश में सद्भावना निरंतर बढ़ती रहे। माँ लक्ष्मी हर घर-परिवार को सुख-समृद्धि प्रदान करें। आपके सभी मनोरथ पूर्ण हों। यहीं शुभकामनाएं देता हूँ।